VIRAT VAIBHAV N.D 19/12/18

एमओसीए ने जीता जेके टायर आॅरेंज 4 गुणा 4 फ्यूरी खिताब

डाम्बुक (अरुणाचल प्रदेश), (भाषा)। मानाभुम आफ रोडर्स क्लब आफ अरुणाचल प्रदेश एमओसीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को जेके टायर आरेंज 4गुणा4 फ्यूरी खिताब जीत लिया। एमओसीए ने चौथे और अंतिम दिन पांच अंकों की बढत के साथ प्रवेश किया और उसने पिछले चैम्पियन गेरारी आफ रोडर्स को दोयम साबित किया। एमओसीए टीम दिन के पहले चरण में जीत हासिल की और दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करते हुए खिताब तक पहुंची। एमओसीए टीम का नेतृत्व आदित्य मेई और चोव उज्जल नामशुम शामिल हैं जबकि इस टीम में सह-चालक चोव सुजीवन चोउटांग और चोव इंगींग हैं। इस टीम ने रिवर स्टेज की सफलता के बाद कुल 100 अंक अपनी झोली में डाले। उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी गेरारी आफ रोडर्स ने 90 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया लेकिन एक बंटिंग तोडने के कारण उसे 30 अंकों की पेनल्टी झेलनी पडी।